## सार-समाचार

### 17वां कैलादेवी भंडारा संपन्न

**सूरौठ,** (निसं)। कस्बे में नवयुवक भक्त मंडल द्वारा आयोजित 17वें कैलादेवी भंडारे का श्रद्धा, भक्ति और सेवा भाव के साथ सफलतापूर्वक समापन हुआ। भंडारे में क्षेत्रभर से आए श्रद्धालुओं ने प्रसादी ठाहण कर धर्म लाभ लिया तथा माता के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। भंडारे के दौरान मंडल के कार्यकर्ताओं ने पदयात्रियों और श्रद्धालुओं की सेवा में बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे आयोजन में अनुशासन और व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई, भक्तों ने माता कैलादेवी के भजनों पर भाव-विभोर होकर सहभागिता निभाई। भंडारे में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष एवं युवाओं की उपस्थिति रही, जिससे आयोजन स्थल पर दिनभर रौनक बनी रही कमेटी सदस्य सत्यप्रकाश सिंघल, नवल-किशोर सोनी, नारायण सिंघल, कृष्णा गोयल, विक्की गोयल, सेवाराम गोयल, लखन मीना, अवधेश शर्मा राजेंद्र शर्मा अमित गोयल, गिरजेश विजयवर्गीय, सत्तों ताली, शशांक विजयवर्गीय, दौलत पंडित अरविंद गुप्ता चिंपू प्रजापत, चंदू मीना, लाला शर्मा , नूनू पंडित हुकम गोयल, शैलेन्द्र गुधैनिया, दिव्या क्लासेज संचालक विष्णु शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी पदयात्रियों की सेवा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं, ताकि दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। पदाधिकारियों ने कहा कि यह भंडारा हर वर्ष श्रद्धालुओं की सेवा और माता के प्रति आस्था व्यक्त करने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है। आयोजन को सफल बनाने में क्षेत्र के लोगों का विशेष सहयोग रहा। समापन अवसर पर मंडल के सदस्यों ने सभी सहयोगियों एवं श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी तरह के धार्मिक आयोजनों को जारी रखने का संकल्प लिया।

### नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत

**श्रीमहावीरजी/करौली,** (निसं)। उत्तर भारत के सुप्रसिद्ध जैन तीर्थ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीरजी की प्रबंधकारिणी कमेटी के त्रैवार्षिक चुनाव संपन्न होने के बाद नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने भगवान महावीर स्वामी के चरणों में हाजिरी लगाकर अपनी जीत का आभार व्यक्त किया। चुनाव परिणामों में सुधांशु कासलीवाल को अध्यक्ष और उमरावमल संघी को मंत्री पद पर निर्वाचित घोषित किया गया है। जीत के बाद पहली बार श्रीमहावीरजी पहुंचने पर पूरी टीम का जोरदार स्वागत हुआ। ठाामीणों और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा गया। देवनारायण मंदिर से लेकर मुख्य मंदिर तक गाजे-बाजे के साथ भव्य स्वागत जुलूस निकाला गया। इस दौरान ठाामीणों ने मालाएं पहनाकर पदाधिकारियों का अभिनंदन किया। दर्शन के पश्चात नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने क्षेत्र के विकास और यात्री सुविधाओं को और बेहतर बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर समाज के कई गणमान्य लोग और स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित रहे। जयपुर के नारायण सिंह सर्किल के पास जैन नसियां में संपन्न चुनाव के बाद घोषित हुई नई कार्यकारिणी में समाज के अनुभवी चेहरों को जिम्मेदारी मिली है। अध्यक्ष पद पर लगातार तीन बार से जिम्मेदारी संभाल रहे सुधांशु कासलीवाल को चौथी बार अध्यक्ष बनाया गया है। मंत्री पद पर उमरावमल संघी, उपाध्यक्ष पद पर चंद्रप्रकाश जैन और पूनमचंद्र शाह, संयुक्त मंत्री रूपिन के. काला और अनिल दीवान तथा कोषाध्यक्ष पद पर हेमंत सौगानी को जिम्मेदारी दी गई है। नवनिर्वाचित कमेटी का श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के प्रबंधक नेमीचंद पाटनी, विष्णुसिंह सिकरवाल, विशेषाधिकारी विकास पाटनी, पंडित मुकेश जैन, श्री दिगंबर जैन सोशल ठाुप के अध्यक्ष चंद्रेश कुमार जैन, संजय भंडारी सहित विभिन्न समाजों के लोगों ने भव्य स्वागत किया।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

**भरतपुर,**(निसं)। श्री हरिदत्त डिग्री कॉलेज, टैकनोलॉजी पार्क, सेवर में आज राजस्थान दिवस सप्ताह के अर्न्तगत 'राजस्थान को जानों विषय' पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि समाजसेवी हरिदत्त शर्मा ने द्वीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हरिदत्त शर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में रेनू बाला, बिन्दु, मुस्कान, रूचि, मोहिनी, राजेश्वरी, पूजा चर्तुवेदी, राज, वर्षा फौजदार, रितु, जस्सू, पवन, सोहन, श्याम, सचिन मीना आदि प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें राज ने प्रथम, राजेश्वरी द्वितीय एवं पूजा चर्तुवेदी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर कॉलेज के निदेशक डॉ. आलोक शर्मा ने विजयी रहे छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. संजू शर्मा, डॉ रेणु वशिष्ठ, डॉ. पूनम दीक्षित, डॉ. गौरवदीप करौला, डा. सरिता रानी, डा. कृपाल सिंह, डा. प्रतिमा देवी, मुस्कान सागर, सोम दत्त, अंजनी कुमार शुक्ला, श्यामधर, ममता कुमारी, डी.सी सैनी, डॉ. राजकमल दिवाकर, अशोक सिंह, राममोहन शर्मा, साक्षी चतुर्वेदी, हरिकेश सिंह, जीतेन्द्र कुमार, विनोद अवस्थी, नेहा ओमार एवं गोपाल जी आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

### स्वच्छता अभियान चलाया

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। नगर परिषद के तत्वावधान में शहर के मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसी कड़ी में खाटूश्याम मंदिर परिसर में स्वच्छता शपथ और श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में नगर परिषद के कर्मचारियों और सफाई मित्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस दौरान उपस्थित सभी कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। सभी प्रतिभागियों ने अपने आसपास साफ-सफाई रखने, कचरा निर्धारित स्थान पर डालने और दूसरों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। शपथ ग्रहण के बाद मंदिर परिसर और उसके आसपास के क्षेत्रों में श्रमदान किया गया। प्रतिभागियों ने झाड़ू लगाकर कचरा इकट्ठा किया और स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान के दौरान लोगों को साफ-सफाई के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई। नगर परिषद के अधिकारियों ने बताया कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए ऐसे अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे इन स्वच्छता अभियानों में सक्रिय रूप से भाग लें और ष्स्वच्छ शहर, स्वस्थ नागरिकष के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहयोग करें।

### यूजीसी एक्ट को लेकर लोगों में आक्रोश

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। सवर्ण समाज के सैकडों लोग केंद्र सरकार द्वारा लागू यूजीसी एक्ट के विरोध में जयपुर में होने वाली महापंचायत रैली में शामिल होंगे। 18 मार्च को होने वाली इस रैली के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया है। पुरानी अनाज मंडी स्थित सीताराम मंदिर में सवर्ण समाज की एक बैठक हुई। इसमें जयपुर के रामलीला मैदान में होने वाली सवर्ण महापंचायत रैली में अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने पर चर्चा हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि गंगापुर सिटी से बसों के माध्यम से जयपुर के लिए प्रस्थान किया जाएगा। अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र गर्ग ने जानकारी दी कि जयपुर जाने के लिए बसों सहित अन्य आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था कर ली गई है। उन्होंने रैली में शामिल होने वाले लोगों से अपील की कि वे पूर्व पंजीयन कराएं, ताकि व्यवस्था सुचारू रूप से की जा सके। अग्रवाल समाज जिला अध्यक्ष गोविंद बरनाला, चंद्र प्रकाश पाराशर, महेश पाल सिंह जादौन, जुगल किशोर शर्मा, लाखन सिंह नरूका और गोपाल दीक्षित सहित अन्य वक्ताओं ने बताया कि 18 मार्च को दोपहर 12रू15 बजे नरूका पेट्रोल पंप से बसें रवाना होंगी। सभी प्रतिभागियों से निर्धारित समय पर पंजीयन कराकर मौके पर पहुंचने का आह्वान किया गया है। इस बैठक में शिवचरण अन्ना, वेद प्रकाश मंगल, सुरेश चंद शर्मा, प्रवीण कुमार, घनश्याम बजाज, मोहनलाल कुनकटा, अनिल दुबे, मनु शर्मा, हेमेंद्र बोहरा, आरएस शर्मा, के के शर्मा, भगवान सहाय शर्मा, रामचरण और घनश्याम शर्मा सहित सवर्ण समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

**करौली,** (निसं)। राज्य सरकार के एक जिला एक खेल एवं पंच गौरव कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय दो दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन मुंशी त्रिलोकचंद माथुर स्टेडियम में 17 से 18 मार्च तक किया जाएगा। प्रतियोगिता में करौली जिले के 8 ब्लॉकों की पुरुष एवं महिला टीमें भाग लेंगी। खिलाड़ियों में प्रतियोगिता को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। जिला खेल अधिकारी रमेश गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन 17 मार्च को सुबह 10 बजे हुआ। आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**करौली,** (निसं)। स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल करौली में सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। प्रधानाचार्य गोविंद सहाय प्रजापत ने बताया कि कक्षा 1 में 40 सीटों तथा कक्षा 2 से 9 तक रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। कक्षा 9 में प्रवेश परीक्षा के आधार पर चयन होगा। विद्यालय में छात्राओं के लिए 55 प्रतिशत सीटें आरक्षित हैं।

# नए यूजीसी नियम 2026 के समर्थन में रैली निकाली

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। मंगलवार को शहर के राष्ट्रीय पार्क में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग सामाजिक न्याय मंच, राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष हुकमसिंह कश्यप की अध्यक्षता में नए यूजीसी नियम 2026 को लागू करने की मांग को लेकर एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। जनसभा में अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के भारी जनसमूह ने भाग लेते हुए सामाजिक न्याय की आवश्यकता पर जोर दिया और सामाजिक भेदभाव को समाप्त करने के लिए समाज को एकजुट करने की बात पर सहमति जताई। साथ ही समाज को बांटने वाले व्यक्तियों एवं संगठनों के बहिष्कार का निर्णय लिया गया।

सभा को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष हुकमसिंह कश्यप ने कहा कि जो लोग जातिवाद का समर्थन करते हैं, वे न केवल समाज के भाईचारे के लिए खतरा हैं बल्कि देश की अखंडता एवं संप्रभुता के लिए भी गंभीर चुनौती हैं। उन्होंने कहा कि जातिवादी सोच समाज में हीन भावना को जन्म देती है और यह देश के विकास में बाधक है।

उन्होंने नए यूजीसी नियम 2026 को ऐतिहासिक एवं युगांतकारी बताते हुए इसे यथावत लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस नियम से अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग की महत्त्वपूर्ण अपेक्षाएं जुड़ी हुई हैं। रोहित वेमुला, पायल तडवी, दर्शन सोलंकी और अनिल कुमार मीणा जैसे मामलों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इन घटनाओं में न्याय की प्रतीक्षा कर रहे परिवारों को यह नियम न्याय दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

उन्होंने महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा राव फूले और भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर के संघर्षों को याद करते हुए कहा कि यह उनके आदर्शों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के साथ अब भी जातिगत भेदभाव होता है, जिसे समाप्त करने के लिए यह नियम आवश्यक है।

कश्यप ने स्पष्ट किया कि यह नियम किसी विशेष जाति या समुदाय के खिलाफ नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय की प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि 15 प्रतिशत लोगों के लिए 85 प्रतिशत लोगों के हितों की अनदेखी नहीं की जा सकती। साथ ही उन्होंने मांग की कि नए यूजीसी नियम 2026 में से महिला, दिव्यांग एवं विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से संबंधित प्रावधानों को हटाया जाए। जनसभा के बाद उपस्थित लोगों ने नए यूजीसी नियम 2026 के समर्थन में विशाल रैली निकाली, जो शहर के प्रमुख बाजारों से होते हुए उपजिला कलेक्टर कार्यालय पहुंची, जहां प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपा।

इस कार्यक्रम में सपोटरा, करौली, श्रीमहावीरजी सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सभा में रघुवीर सिंह सैनी, छोटेलाल प्रजापत, बृजमोहन योगी राष्ट्रीय प्रवक्ता तपजप संगठन, कुंजल नादौती, हंसराज आदिवासी सपोटरा, बदन सिंह कुशवाहा, पूर्व सरपंच घमंडी लाल सैनी, रिंकू खेड़ीहैवत, सतवीर सुमन रेवई, खेमराज सिंह सुमन रेवई, रामफूल बाढ़, सहीराम सैनी बाढ़, स्वरूप लाल फुलवाड़ा, करण सिंह सूरौठ, महेश चंद्र सूरौठ, प्रसादी लाल तहसील अध्यक्ष सूरौठ, धर्म सिंह जाटव तहसील अध्यक्ष जाटव समाज श्री महावीर जी, सत्येंद्र जाटव पूर्व अध्यक्ष तहसील हिंडौन, संजय, प्रभु लाल माली बाजना सपोटरा, पृथ्वी लाल माली, गिर्राज माली जाखोदा, जतिराम माली सपोटरा, महेंद्र सिंह सैनी हिंडौन, हरिचरण बाढ़ करसौली, डॉ. वीरेंद्र सिंह जाट पीपलहेड़ा, बनवारी सैनी कुड़गांव सपोटरा, साजन जांगिड़ सपोटरा, इंद्रराज बैरवा सपोटरा, प्यारेलाल माली सपोटरा, रामचरण कश्यप हिंडौन, राजसिंह कांचरौली, लक्ष्मण प्रसाद बौद्ध बजाना खुर्द हिंडौन, श्रीमोहन मीणा पीतूपुरा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



प्रतिनिधिमंडल ने उपजिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

### भण्डार लगाया

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। मंलगवार को गंगापुर सिटी के रेलवे स्टेशन परिसर पर माँ कैलादेवी के मेले में आने जाने वाले यात्रियों के लिए श्री वनखंडी बालाजी सेवा समिति द्वारा 17 मार्च 2026 से 26 मार्च 2026 तक विशाल भंडारे का भव्य आयोजन किया जा रहा है। भंडारे की शुरुआत सांयकाल 4.00 विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई। स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों के लिए भोजन प्रसादी का वितरण बैठाकर पंगत के माध्यम से किया जा रहा है। इस पुनीत कार्य में समिति के पदाधिकारी और भक्तगण सक्रिय रूप से शामिल रहे।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेश गुलयानी, देवकी नंदन गुप्ता, शिवराज जांगिड़, घनश्याम मेठी, गिरीश मित्तल, अनिल गुप्ता, जितेंद्र जैन, कैलाश तिवारी, राजेश गुप्ता, हुकम गुप्ता, पवन हांडा, ललित किशोर गुप्ता, मुरारी लाल जांगिड़, मोहन शर्मा, चोखे लाल सहित अन्य गणमान्य जनों ने अपनी सेवाएं दीं। भण्डारे में भोजन व्यवस्था में शुद्धता और स्वाद का विशेष ध्यान रखते हुए भंडारे की हलवाई व्यवस्था बल्लू हलवाई द्वारा संभाली गई है।

# दो दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज

**करौली,** (निसं)। राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजना एक जिला एक खेल एवं पंच गौरव कार्यक्रम के तहत जिला स्तर की दो दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह मंगलवार को मुंशी त्रिलोक चंद माथुर स्टेडियम में आयोजित हुआ।

जिला खेल अधिकारी रमेश गुप्ता व मीडिया प्रभारी नरेंद्र बाबा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक करौली दर्शन सिंह गुर्जर रहे । अध्यक्षता अतिरिक्त जिला कलेक्टर करौली हेमराज परिडवाल ने की। जिला सांख्यिकी विभाग उप निर्देशक मुकेश कुमार रहे विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि दर्शन सिंह गुर्जर ने कहा कि खेलों से भाईचारा, अनुशासन, सामाजिक समरसता, व सहयोग की भावना जागृत होती है ।। राज सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए एक जिला एक खेल प्रतियोगिता करवा रही है। अध्यक्षता कर रहे हेमराज परिडवाल ने कहा की प्रतिदिन खेल खेलने से खिलाड़ी तनाव रहित रहता है । हमें प्रतिदिन योग ,व्यायाम करना चाहिए जिससे शरीर स्वस्थ रहता है । मैं भी स्वयं रोजाना योग, व्यायाम के लिए समय निकलता हूं और उसका परिणाम मुझे मिल रहा है । उपनिदेशक मुकेश ने कहा कि है।प्रतियोगिता 17 से 18 मार्च तक आयोजित होगी। प्रतियोगिता में पुरुष व महिला वर्ग के कुल 250 खिलाड़ी अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे ।इससे पूर्व अतिथियो ने मां सरस्वती के चित्रपट के आगे दीप प्रज्वलन कर शपथ व उद्घाटन घोषणा के साथ शुभारंभ किया। अतिथियों का जिला खेल अधिकारी रमेश गुप्ता द्वारा माल्यार्पण ,सफा बंधन व स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया। कार्यक्रम का मंच संचालन व्याख्याता अमित शर्मा ने किया। प्रतियोगिता का प्रतिवेदन रमेश चंद्र गुप्ता ने पढ़ा। इस अवसर पर प्रारंभिक शिक्षा खेल प्रभारी मुकेश शर्मा ,शारीरिक शिक्षक उमेर मीना,वेदरत्न जैमनी, महेंद्र गौतम, फ़ज़ले मोहम्मद, राजेश गौतम, रविंद्र सिंह चौहान, प्रियकांत बेनीवाल, हरीश पाठक, देशराज बेनीवाल, राम हरि गुर्जर, जुगल शर्मा, आदि उपस्थित रहे।

उद्घाटन मैच महिला वर्ग ब्लॉक नादौती व ब्लॉक मंडरायल के मध्य आयोजित हुआ । इसमें नादौती ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया । मंडरायल ने निर्धारित ओवर में 4 विकेट खोकर 12 रन का स्कोर बनाया जवाब में उतरी नादौती ने बिना कोई विकेट गंवाए 13 रन बनाए इस मैच को नादौती ने मंडरायल को हराकर मैच अपने नाम कर लिया ।इसी तरह दूसरे मैच में करौली ने हिंडौन को हराया ।पुरुष वर्ग में सपोटरा ब्लॉक ने मंडरायल ब्लॉक को , नादौती ब्लॉक ने हिंडौन ब्लॉक को, करौली ब्लॉक ने मासलपुर ब्लॉक को हराया।

# पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा

**भरतपुर,** (निसं)। कृष्णानगर कॉलोनी विकास समिति के पदाधिकारियों ने मंगलवार को क्षतिग्रस्त लोहे के जाल की मरम्मत करवाने सम्बंधी एक ज्ञापन नगर निगम के आयुक्त की अनुपस्थिति में नगर निगम के सचिव को सौंपा।

कृष्णानगर कॉलोनी विकास समिति के सचिव राजेन्द्र डंडोतिया ने बताया कि अरोड़ा अस्पताल के सामने मुख्य मार्ग के बंद होने के कारण वाहनों का आवागमन अस्पताल की बगल वाली पुलिया से हो रहा है। उन्होंने बताया कि नाली के उपर लगे जाल के क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण उसमें छोटे वाहन फंस जाते हैं जिससे कोई बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने क्षतिग्रस्त जाल को सही करवाने की मांग की है। ज्ञापन के दौरान कॉलानी विकास समिति के सचिव राजेन्द्र डंडोतिया सहित गजराज सिंह, गोर्धन सिंह, कुंवरसेन शर्मा आदि उपस्थित थे।

### कार्यक्रम कल

**भरतपुर,** (निसं)। राजस्थान दिवस समारोह 2026 के अवसर पर जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किशोरी महल प्लाजा में 19 मार्च को सायं 7 बजे भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रम में राजस्थानी लोक कलाकारों द्वारा भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी।

# धार्मिक व सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का दिया संदेश

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। अखिल भारतीय सुमधुरा सखी सहेली मंच द्वारा 16 दिवसीय गणगौर महोत्सव के तहत एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मंच की अध्यक्ष कुशला खुटेटा के निवास पर हुआ, जिसमें महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया। कार्यक्रम में महिलाएं दूब और फूलों से सजी झारी लेकर पहुंचीं। सभी का तिलक और बोरला लगाकर स्वागत किया गया। इस दौरान ईशर-गणगौर की आकर्षक झांकी सजाई गई।

वर्षा नाटाणी और विनीता खुटेटा ने बताया कि गणगौर थीम पर आधारित विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। इन खेलों में उर्मिला डांस और वर्षा नाटाणी ने जीत हासिल की। महिलाओं ने पारंपरिक गणगौर गीत गाते हुए ईशर-गणगौर की पूजा-अर्चना की। उन्होंने अपने पतियों की दीर्घायु और परिवार की सुख-शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर पारंपरिक दोहे बोले गए और लोकगीतों पर नृत्य कर पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं ने एक-दूसरे को गणगौर पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मनीषा, अंशु, संतोष, सीता, कविता, ज्योति डंगायच, कविता खुटेटा, सुशीला टोडवाल, अलका टोडवाल, स्मिता टोडवाल, अनीता, मोना, कौशल्या डंगायच और निर्मला खारवाल सहित कई महिलाएं उपस्थित थीं। सिंधी कॉलोनी स्थित दीक्षित भवन में महिलाओं की ओर से 16 दिवसीय गणगौर पूजा श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित की जा रही है। इस दौरान क्षेत्र की महिलाएं पारंपरिक विधि-विधान से माता गणगौर की पूजा-अर्चना कर रही हैं। पूजा के साथ प्रतिदिन भजन-कीर्तन और मंगल गीतों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं भाग लेकर पर्व का आनंद ले रही हैं। महिलाओं ने माता गणगौर से परिवार और समाज की सुख-समृद्धि तथा खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में महिलाओं ने इस पावन पर्व को आपसी सहयोग और भाईचारे के साथ मनाने का संकल्प लिया और धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। इस अवसर पर पिंकी दीक्षित ने बताया कि कार्यक्रम में दिशा, निशा, साक्षी अग्रवाल, अर्चना, कुसुम, सुमन, रीना, रिंकू, भावना, शशि, गुड्डुन, अनीता और आशी सहित कई महिलाएं उत्साहपूर्वक गणगौर पर्व मना रही हैं।

■ सुमधरा सखी सहेली मंच ने मनाया गणगौर महोत्सव



गंगापुर सिटी में गणगौर महोत्सव में भाग लेती महिलाएं।

## सार-समाचार

### गणगौर मेले को लेकर उत्साह

**सूरौठ,** (निसं)। कस्बे में 20 मार्च से प्रारंभ होने वाले चार दिवसीय ऐतिहासिक गणगौर मेले को लेकर मेला कमेटी ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। हर वर्ष की तरह इस बार भी मेले को भव्य, आकर्षक एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए समिति के सदस्य दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। मेले में अधिक से अधिक श्रद्धालुओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सर्व समाज का सहयोग भी लगातार मिल रहा है, जिससे आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल बना हुआ है। मेला कमेटी के सदस्यों द्वारा आयोजन के सफल संचालन के लिए आर्थिक सहयोग एकत्रित करने का कार्य जोर-शोर से किया जा रहा है, नगरपालिका पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि रामअवतार शर्मा, विश्राम मीणा सहित समिति के अन्य सदस्य घर-घर जाकर लोगों से संपर्क कर रहे हैं और सहयोग राशि एकत्रित कर रहे हैं। स्थानीय नागरिक भी मेले के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हुए बढ़-चढ़कर सहयोग प्रदान कर रहे हैं। समिति के सदस्य नरेंद्र बाबा राजीव शुक्ला, राजेंद्र तिवारी,केदार मीना, रामचरण जंगम, सम्पत कटकरिया, कमलेश महावर, टीपू विजयवर्गीय एवं जाकिर हुसैन ने बताया कि 20 मार्च को भवानी-पूजन के साथ मेले का विधिवत शुभारंभ किया जाएगा। इसके पश्चात सीताराम जी मंदिर के सामने बनाए गए भव्य पांडाल में सर्व समाज के पंच-पटेलों द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मेले का उद्घाटन किया जाएगा। गणगौर मेले का मुख्य आकर्षण गणगौर माता की पारंपरिक सवारी रहेगी, जो 21 मार्च और 22 मार्च को धूमधाम से निकाली जाएगी। मेला कमेटी द्वारा सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल एवं प्रकाश व्यवस्था को लेकर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नगरपालिका प्रशासन से भी आवश्यक सहयोग लिया जा रहा है ताकि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। चार दिवसीय यह गणगौर मेला 23 मार्च को समापन समारोह के साथ संपन्न होगा।

### पूरक पोषाहार पर जोर

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा श्सम्पूर्णता अभियान 2.0 के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। यह अभियान 28 जनवरी से 14 अप्रैल तक चलेगा, जिसका उद्देश्य बच्चों और अभिभावकों को स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूक करना है। समेकित बाल विकास सेवाओं के अंतर्गत गंगापुर सिटी को एक आशान्वित ब्लॉक के रूप में चुना गया है। यहां 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों को पूरक पोषाहार उपलब्ध कराने के लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में परियोजना क्षेत्र के सभी 250 आंगनबाड़ी केंद्रों पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। मंगलवार को कुनकटा कलां और पीलोदा स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों पर विशेष कार्यक्रम हुए। इन कार्यक्रमों के दौरान बच्चों को दिए जा रहे पूरक पोषाहार की गुणवत्ता की जांच की गई। साथ ही, उपस्थित अभिभावकों को संतुलित आहार, पोषण के महत्व और बच्चों के समुचित शारीरिक व मानसिक विकास के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अधिकारियों ने बताया कि बच्चों के बेहतर शारीरिक और मानसिक विकास के लिए नियमित एवं पर्याप्त पोषाहार अत्यंत आवश्यक है। बाल विकास परियोजना अधिकारी, महिला पर्यवेक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने इस अभियान के सफल क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाई। विभाग ने आमजन से अपील की है कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्र भेजें और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर उन्हें कुपोषण से बचाने में सहयोग करें।

### करणपुर घाटी पुनर्निर्माण का शिलान्यास

**करणपुर/करौली,** (निसं)। करणपुर क्षेत्र की सबसे महत्वपूर्ण करणपुर घाटी के पुनर्निर्माण के लिए सपोटरा विधायक हंसराज मीणा के प्रयासों से सरकार द्वारा 50 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी, जिसके तहत विधायक ने शिलापट्टिका का पूजन कर शिलान्यास किया। करणपुर क्षेत्र के सैकड़ों गांवों की लंबे समय से चली आ रही मांग को विधायक हंसराज मीणा ने विधानसभा में उठाया, जिसके बाद विगत वर्ष के बजट में 50 करोड़ रुपये मंजूर किए गए। इस घाटी के पुनर्निर्माण से क्षेत्र के सैकड़ों गांवों की जनता को राहत मिलेगी। यह घाटी, जिसका निर्माण 33 वर्ष पूर्व वर्ष 1992 में तत्कालीन विधायक रंगजी लाल मीणा द्वारा 56 लाख रुपये की लागत से कराया गया था, वर्तमान में जर्जर एवं क्षितठास्त हो चुकी है। करनपुर-कैलादेवी स्टेट हाईवे संख्या 123 पर स्थित लगभग 3 किलोमीटर लंबी इस घाटी का अब पुनर्निर्माण किया जाएगा। शिलान्यास से पूर्व लोगों ने विधायक पर जेसीबी से पुष्प वर्षा की तथा 51 किलो फूलों की माला और 40 मीटर लंबा साफा पहनाकर स्वागत किया। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि वे क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताते हुए कहा कि इस सौगात से क्षेत्र का विकास होगा। उन्होंने कहा कि घाटी के पुनर्निर्माण से आवागमन सुगम होगा तथा पर्यटन और आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने करनपुर-मंडरायल मार्ग पर भकूला नाले के निर्माण और करनपुर-बालेर सड़क निर्माण में आ रही वन विभाग की अड़चन को जल्द दूर कराने का आश्वासन भी दिया। साथ ही संचार नेटवर्क की समस्या के समाधान के लिए जिला प्रशासन के साथ बैठक करने की बात कही।इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी एक्सईएन समय सिंह मीणा, ठेकेदार सरदार बंजारा, भाजपा मंडल अध्यक्ष रामनिवास मीना सहित कई जनप्रतिनिधि और ठाामीण उपस्थित रहे।

### शिविर में 487 रोगियों की जांच

**भरतपुर,** (निसं)। मंगलवार को श्री अग्रवाल सभा भरतपुर एवं कल्याण कंरोति नेत्र संस्थान मथुरा के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय अग्रवाल भवन खिरनी घाट भरतपुर में विषाल चिकित्सा एवं परामर्ष षिविर आयोजित किया गया। समिति महामंत्री विनोद सिंघल ने बताया कि षिविर का षुभारम्भ भरतपुर जिला अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष सीए अतुल मित्तल, अंतर्राश्ट्रीय वैष्य महासम्मेलन के वरि0 उपाध्यक्ष अनुराग गर्ग एवं उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. असित श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में भगवान अग्रसेन जी के विग्रह पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन से हुआ।अग्रवाल समिति प्राधिकारी अध्यक्ष एम.एल.मित्तल, मोहन मित्तल, महेष सर्राफ, संजय फार्मा, आदि ने अतिथियों का माल्यार्पण एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। षिविर को सम्बोधित करते हुए सीए अतुल मित्तल ने कहा कि आंख षरीर का महत्वपूर्ण अंग है निर्धन वर्ग के रोगी अस्पताल का भारी भरकम व्यय वहन नहीं कर पाते। उनके लिए ऐसे षिविर वरदान स्वरूप हैं। अनुराग गर्ग ने कहा कि नेत्र षिविर समाज सेवा का महत्वपूर्ण एवं प्रभावषाली माध्यम है जिससे वंचित वर्ग के लोग लाभान्वित होते हैं। भारत में अंधत्व का बहुत बडा कारण मोतियाविन्द है, समय पर इलाज न मिलने के कारण नेत्रों की रोषनी तक खो देते हैं। षिविर में कल्याण करोति नेत्र संस्थान मथुरा के डॉ. ओमवीर सिंह, डॉ. अलका एवं उनकी टीम के द्वारा 487 रोगियों के नेत्रों की आधुनिक उपकरणों से जांच की गई। जांच के उपरांत 105 मोतियाविन्द के रोगियों को आपरेषन के लिए चिंहित कर कल्याण करोति अस्पताल मथुरा जलपान एवं भोजन कराकर भेजा गया। सभी रोगियों को निषुल्क दवाई एवं चष्मा वितरित किये गये। षिविर में सुबह से ही दूरदराज के क्षेत्रों से रोगियों के आने का तांता लगा रहा। सभी रोगियों ने षिविर की सराहना की। इस अवसर पर कपिल गुप्ता चष्मे वाले, विश्णु लोहिया, महेष सिंघल, अनिल गुप्ता, गोपालचंद सर्वेयर, राम अवतार कोठारी, प्रहलाद फर्नीचर, सुरेष बंसल, वेदप्रकाष मित्तल, गोविन्द मैदा वाले, सतीष मित्तल, प्रमोद दवाई वाले,संजय बंसल, विनोद मेडीकल, कृश्ण कुमार किस्सू, सुभाश गोयल ने अपनी सेवाएँ प्रदान कीं।

### क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**भरतपुर,** (निसं)।राजस्थान दिवस सप्ताह (15 से 19 मार्च 2026) के दौरान रामेष्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर में 17 मार्च को साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में''राजस्थान को जानें'' विषय पर क्विज प्रतियोगिता का सफल आयोजन प्राचार्य डॉ. मधु षर्मा की अध्यक्षता में किया गया। प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर राजस्थान के इतिहास, संस्कृति एवं परंपराओं से संबंधित अपने ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।इस प्रतियोगिता में समीक्षा (पुत्री अमर सिंह) ने प्रथम स्थान, मुस्कान (पुत्री प्रदीप कुमार) ने द्वितीय स्थान तथा बबली (पुत्री प्रकाश नारायण) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मधु शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि ''ऐसी प्रतियोगिताएं छात्राओं में अपने प्रदेश की संस्कृति एवं विरासत के प्रति जागरूकता और गर्व की भावना विकसित करती हैं।''अकादमिक प्रभारी डॉ. निशा गोयल ने कहा कि ''ज्ञानवर्धक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों का समग्र विकास होता है।''साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समिति प्रभारी श्रीमती साधना शर्मा ने कहा कि ''इस प्रकार के आयोजनों से छात्राओं में प्रतियोगी भावना एवं रचनात्मकता का विकास होता है।''कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ तथा विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।